## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता के लिए मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति हेतु 10 जुलाई 2024 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ में आवेदन मंगाये गये है। यह पद अशासकीय एवं पूर्णत: अस्थायी होंगे एवं निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास की ओर से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी(वन अधिकारों की मान्यता)अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमश: जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति किया जाना है।

### डाकघरों में मिल रहा आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग द्वारा रायगढ़ डाक संभाग के अंतर्गत रायगढ़ सदर बाजार, चक्रधर नगर, हरदी, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के डाकघरों में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही है। जिसके माध्यम से आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते है एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार/अपडेशन जैसे पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि का कार्य करवा सकते है। चूंकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है। अत: अपने बच्चों का भी नि:शुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते है। अधीक्षक डाकघर समस्त नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन/एनरोलमेंट का कार्य डाकघरों से कराने का आग्रह किया है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के मोबाईल नं 9302413761, 9589846488, 9755940953 एवं 9893691249 में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### कौशल विकास कोर्स में प्रवेश हेतु बरमकेला में 20 जून को होगा काउंसिलिंग

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** आईटीआई सरिया में शिक्षित बेरोजगारों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं प्लंबर जनरल (असिस्टेंट) कोर्स में आठवीं आवेदक को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस कोर्स के लिए काउंसलिंग जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में 20 जून 2024 को सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया है। इस प्रशिक्षण को सीखने के इच्छुक आवेदक अंक सूची, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होना है। आवेदक को इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं प्लंबर जनरल (असिस्टेंट) में प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम योग्यता आठवीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

# कलेक्टोरेट परिसर में हुआ विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन, जांच के लिए लगाए गए स्टॉल

### सिकल सेल खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल





रायगढ़। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रुप से आज कलेक्टोरेट परिसर में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय देश में पोलियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर देश से पोलियों को खत्म किया गया। इसी प्रकार हमारी पीढ़ी को सिकल सेल को खत्म करने के लिए मेहनत करनी होगी। इसके लिए शासन जन जागरुकता अभियान चला रही है, इसके साथ ही आज से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों को सिकल सेल के बारे में जानकारी और स्क्रीनिंग करवाने प्रोत्साहित करना है। उन्होंने जनसामान्य से आग्रह किया कि बच्चों का सिकल सेल जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि यह इन्फेक्शन से नहीं होता एवं पहले से जानकारी होने पर कार्ड बनवाया जाता है, ताकि विशेष परिस्थिति में उन्हे बेहतर उपचार प्रदान एवं मैनेजमेंट किया जा सके। जिससे आने वाली पीढ़ी में सिकल सेल को नियंत्रित कर सामान्य जीवन प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सिकल सेल को खत्म करने सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने सभी से पीएचसी, सीएचसी में नि:शुल्क जांच करवाने का आग्रह किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उमेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जन सरोकार की दिशा में तत्परता से कार्य कर रहे है। विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम इस बात के लिए प्रेरित करता कि हमें सिकल सेल से लडऩा है और लोगों को जागरुक करना है, हम सब को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। हमें लोगों को इसके बचाव, मैनेजमेंट हेतु लिए जागरुक करना चाहिए।

नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ.नेहा गोयल ने सिकल सेल के कारण एवं लक्षण के संबंध में जागरूक करते हुये कहा कि हिमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल सेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण (हिमोग्लोबीन) हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं।

सिकल सेल होने पर भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शरीर में दिखाई देने लगते हैं। जनसामान्य सिकल सेल के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में नि:शुल्क सिकल सेल जांच जरूर करवाएं। विवाह पूर्व सिकल सेल जांच अवश्य कराना चाहिए। 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल जांच व उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 में 4 लाख 31 हजार 855 स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 4 लाख 11 हजार 259 नेगेटिव तथा 1048 पॉजिटिव एवं 13 हजार 7 करियर (वाहक)प्राप्त हुए है। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, प्रभारी आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग महेश शर्मा, सीएचएमओ डॉ.बी.के. चंद्रवशी, डॉ.भानु पटेल, सहायक संचालक आदिम जाति विकास आकांक्षा पटेल, डीपीएम रंजना पैकरा, डॉ.तिलेश दीवान एवं बड़ी संख्या में मितानिन एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

**सिकल सेल पहचान कार्ड का किया गया वितरण-** विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सिकल सेल से प्रभावित व्यक्तियों को सिकल सेल कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान 10 सिकल सेल से प्रभावितों को सिकल सेल पहचान कार्ड प्रदान किया गया। जो उनके तात्कालिक चिकित्सा सेवा एवं बेहतर उपचार में सहायक होगा।

**स्वास्थ्य विभाग ने लगाए स्टॉल-** कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल स्क्रीनिंग के लिए लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने डॉक्टर को निर्देशित किया कि सहज और सरल तरीके के सिकल सेल के संबंध में जन सामान्य को समझाए। ताकि लोग इसे बेहतर तरीके से समझ सके। इस दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड के बनाने में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए शिविर में हुए विभिन्न जांच व दवाईयों की जानकारी ली।

## रोजगार/अप्रेन्टिशिप मेला का आयोजन आज

रायगढ़

निजी क्षेत्र के उद्योगों में अप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने के लिए 20 जून को प्रात: 10 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी कंपनियों के माध्यम से रिक्त विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

इनमें मे.सत्या ट्रकिंग गेरवानी रायगढ़ में टेक्नीशियन, मे.एमएसपी स्टील लिमिटेड रायगढ़ में टेक्नीशियन, मे.जगदम्बा स्ट्रक्चर एवं मे.जगदम्बा ट्रेलर प्रा.लिमिटेड रायगढ़ में वेल्डर, मशीनिष्ट, फिटर, ड्रिलर, ग्रईंडर एवं हेल्फर, मे.क्यूस कारपोरेशन लिमिटेड रायपुर में एसेम्बल ऑपरेटर/प्रोडक्शन ट्रेनी/विजुअल इन्सपेक्शन, मे.लियोन इंफ्रा फैशलिटि एंड सर्विस प्रा.लिमिटेड रायपुर में टेक्नीशियन, मे.गोयल ऑटोमोबाइल लिमिटेड रायगढ़ में टेक्नीशियन एवं मे.श्री बजरंग मोटर्स प्रा.लिमिटेड रायगढ़ में डीजल मैकेनिक, फिटर, मैकेनिक हेल्फर एवं सुपरवाईजर के पद रिक्त है। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 2 जुलाई तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया, जिला-रायगढ़ अंतर्गत केन्द्र तेन्दुमुड़ी-1 वार्ड तथा नगरीय निकाय तेन्दुमुड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक रिक्त पद के लिए 2 जुलाई 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## जिला एवं तहसील न्यायालयों में 13 जुलाई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।

विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार सम्बन्धी, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।

यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकद्मा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है। वर्तमान दिनांक तक नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रशासन स्तर पर-राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षक, बैंक एवं फाइनेन्स तथा विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग, समस्त इंश्योरेन्स बीमा कंपनी लिमिटेड तथा संबंधित अधिवक्तागण, श्रम अधिकारियों के साथ प्रीसिटिंग बैठक आयोजित किया जा चुका है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-299190 एवं ईमेल dlsa.raigarh@gmail.com में सम्पर्क किया जा सकता है।

## लापता बालिका दस्तयाब, बालिका का भगा ले जाने वाले आरोपी को घरघोड़ा पुलिस ने मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ से किया गिरफ्तार

### आरोपी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में भेजा गया रिमांड पर, आरोपी गया जेल

रायगढ़



दिनांक 17/06/2024 को घरघोड़ा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र से लापता हुई बालिका को उसके गांव से दस्तयाब किया गया है। बालिका अपने बयान में आरोपी संजय रैकवार उर्फ संजय केंवट निवासी जिला टिकमगढ़ (म.प्र.) द्वारा बहला फुसलाकर घरघोड़ा से रायगढ़ और रायगढ़ से गाजियाबाद भगा ले गया था।

गुम बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दिनांक 27.08.2023 को उसकी मां द्वारा थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर दर्ज करायी थी। बालिका की मां बताई कि उसकी लड़की दिनांक 26.08.2023 के सुबह बिना बताये कहीं चली गई है। आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में अप.क्र. 375/2023 धारा 363 भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

17 जून को बालिका को दस्तयाब कर बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई कि वर्ष 2022 को उसके माता पिता के साथ गाजियाबाद में रहती थी, पिता के निधन के बाद मां के साथ गांव आ गई। गजियाबाद में संजय रैकवार से जान परिचय हुआ था, दोनों मोबाइल पर बातचीत करते थे, संजय शादी करने बात बोला था। दिनांक 26.08.2023 को संजय घरघोड़ा मिलने आया था जिससे मिलने गई। संजय घरघोड़ा से बस में रायगढ़ और रायगढ़ से ट्रेन में बैठा कर गाजियाबाद ले गया, जहां गाजियाबाद में किराये के मकान में पत्नी की तरह रखा और जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया। संजय रैकवार बार-बार शादी करने के लिए कहने पर शादी नहीं किया और दिनांक 11.05.2024 बिना बताये किराये मकान से अपने गांव ईषोन चला गया जिससे मोबाईल में संपर्क करने पर नहीं शादी करूंगा कहकर साफ मुकर गया। पीड़िता के कथन, महिला चिकित्सक से डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर प्रकरण में धारा 366,376(2)(ढ) भा.द.वि. 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर तत्काल घरघोड़ा पुलिस टीम टिकमगढ़ आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना हुई और आरोपी संजय रैकवार उर्फ संजय केंवट पिता किषोरी रैकवार उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 07 ईषोन थाना गिधौरी जिला टिकमगढ़ (म.प्र.) को उसके सकुनत से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसका विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में गुम बालिका की पतासाजी एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा, आरक्षक दिलीप साहू, दिनेश सिदार की अहम भूमिका रही है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए 29 जून तक कर सकते है आवेदन, जुलाई में होगा आयोजन

### कन्या को मिलने वाली सहायता राशि 21 हजार से बढ़ाकर की गई 35 हजार

रायगढ़

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन जुलाई माह में संभावित है। जिसके लिए पात्र जोड़े 29 जून 2024 तक आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में जमा कर सकते है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सम्मिलित होने वाले जोड़ो को शासन की ओर से 50 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा विवाह में शामिल होने वाली कन्याओं की सहायता राशि 21 हजार से बढ़ाकर 35 हजार किया गया है, शेष राशि विवाह के आयोजन तथा अन्य मद में व्यय होगा।

विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़ो को आवेदन के साथ उम्र संबंधी प्रमाण पत्र, कन्या का निवास प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र तथा कन्या का प्रथम विवाह होने का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य है।

## एनएच 49 पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर किया गया हेलमेट वितरण

### एसडीओपी खरसिया और ट्रैफिक डीएसपी ने दुपहिया वाहन चालकों को दी हेलमेट पहनने की समझाइश

रायगढ़



जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल एवं डीएसपी ट्रैफिक रमेश कुमार चन्द्रा द्वारा नेशनल हाईवे 49 के ब्लैक स्पॉट एरिया में कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया जिसके बाद अधिकारियों ने ग्राम कुनकुनी में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर यातायात पुलिस द्वारा हाइवे पर की गई मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई में बिना हेलमेट वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया गया है। एसडीओपी खरसिया एवं ट्रैफिक डीसीपी ने दुपहिया चालकों को यातायात नियमों का पालन करने आगे बाइक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की समझाइश दी गई है। इस दौरान थाना यातायात एवं थाना खरसिया के स्टाफ भी मौजूद थे।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर सिकलसेल रथ को किया रवाना

### भेड़वन में मनाया गया जिला स्तरीय विश्व सिकलसेल दिवस

सारंगढ़ बिलाईगढ़



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में "होप थ्रू प्रोग्रेस एडवांसिंग ग्लोबल सिकल सेल एंड ट्रीटमेंट" थीम के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेड़वन में जिला स्तरीय विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा निर्मित सिकलसेल रथ का कलेक्टर साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में जाकर सिकलसेल बीमारी के बारे में प्रचार-प्रसार, इसके टेस्ट, उपचार और रोकथाम इत्यादि के बारे में लोगों में जागरूक करने का कार्य करेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा कि अगर सिकलसेल की बीमारी को आने वाली पीढ़ी में ट्रांसफर होने से रोकना है, तो सभी व्यक्तियों को सिकल सेल का टेस्ट अनिवार्यतः कराना होगा एवं टेस्ट से पॉजिटिव आए व्यक्तियों को परस्पर विवाह से बचना होगा, तभी इस बीमारी का उन्मूलन संभव है।

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि सिकलसेल की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें हीमोग्लोबिन चैन के छठवें स्थान पर ग्लूटामेट की जगह पर वेलीन नामक अमीनो एसिड चैन में प्रतिस्थापित हो जाते हैं, जिससे लाल रक्त कणिकाएं हंसिया आकार में परिवर्तित हो जाती है, जिससे हंसिया दात्र अरक्तता या "सिकलिन" नामक बीमारी उत्पन्न होती है। राज्य से हमें 40 वर्ष से कम आयु के लगभग 422000 लोगों का परीक्षण करने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से लगभग 180000 का टेस्ट किया जा चुका है, जिसमे 700 बीमार और 1000 कैरियर मिले हैं। हमारे पास टेस्ट के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं। लोग स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना सिकल सेल टेस्ट जरूर कराएं।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों का सिकल सेल टेस्ट करने के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया। कलेक्टर के द्वारा कार्यक्रम में सिकल सेल मरीजों को पीवीसी आईडी कार्ड तथा आमजनों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त आशीष बनर्जी, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, बीएमओ सारंगढ़ डॉ सिदार, डीपीएम नंदलाल इजारदार, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी, डब्ल्यूएचओ से प्रतिनिधि डॉ स्नेहाश्री, भेड़वन सरपंच रजनी चोकलाल पटेल, पीएचसी भेडवन के प्रभारी चंद्र कुमार पटेल, रोशन सचदेव, जगमोहन केरकेट्टा, भुवन साहू, डीपी रात्रे व ममता मैत्री सुपरवाइजर सहित जिला प्रशासन, स्वास्थ्य , महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति, आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480